◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

स्थानीय

इलाज के दौरान मरीज कि हुई मौत



भोजपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

इलाज के दौरान मरीज की मौत आक्रोषित परिजनों ने किया जमकर हंगामा

आरा डॉक्टर के द्वारा इलाज के दौरान की गई लापरवाही के कारण मरीज की मौत हो गई, पूरा मामला भोजपुर जिले के आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के पक़ड़ी स्थित नारायण सेवा हेल्थ केयर सेंटर डाक्टर अभिनित कुमार के क्लीनिक से जुड़ा हुआ है, जहां की जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र के नवादा बेन के रहने वाले राकेश कुमार सिंह को सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के लिए डॉक्टर अभीनीत कुमार के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां की इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई वहीं परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर जानबूझकर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और कहां की कई घंटे तक उनको अस्पताल में बंधक बनाकर रखा गया, घटना से आक्रोशित लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन लोगों ने पकड़ी के समीप आरा बक्सर मुख मार्ग को जाम कर दिया और हंगामा करने लगे, इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर एवं कर्मी क्लीनिक को बंद कर फरार हो गए वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर नगर नवादा समेत मुफस्सिल थाने की पुलिस पहुंची, घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मृत क राकेश कुमार पितानंद किशोर सिंह महुआ वैशाली में बजाज शोरूम में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे जो कि वापस अपने घर लौट रहे थे तभी सड़क हादसे में वह घायल हो गए, वही जानकारी देते हुए मृतक के भाई मुकेश कुमार ने बताया कि उनके भाई को जानबूझकर के इलाज में लापरवाही करके मार दिया गया, केवल हाथ फैक्चर होने के बाद मेरे भाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण या घटना घटी है

बाइट मुकेश कुमार सिंह मृतक का भाई

— Awanish Kumar

अपराध

पटना सिटी क्षेत्र के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के बैरिया बस स्टैंड बड़ी पहाड़ी के पास रजनीगंधा स्टॉकिस्ट के यहां दीवार तोड़ कर लगभग25 लाख रुपए का चुरा लिया



पटना से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

राजधानी पटना के पटना सिटी क्षेत्र के रामकृष्ण नगर थाना अंतर्गत बैरिया बस स्टैंड बड़ी पहाड़ी के पास रजनीगंधा स्टॉकिस्ट के यहां दीवार तोड़ कर रात में दीवाल तोड़कर चोरों ने 25 लख रुपए का माल गायब किया सीसीटीवी कैमरे में चोरों की वारदात हुई कैद प्रशासन जांच में जुटी वही राजीव कुमार का कहना था कि कल रात्रि में चोरों के द्वारा दीवाल तोड़ दिया गया हमारे गोदाम से रजनीगंधा तुलसी अन्य महंगी सामान को चोरों ने चोरी की है और पीछे के रास्ते से एक पिकअप पर ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में फुटेज उनका आया है लगभग 25 लख रुपए की माल की चोरी हुई है अपराधी तीन चार की संख्या में बतलाएं जा रहे हैं वहीं प्रशासन जांच कर रही है सीसीटीवी फुटेज में चोरी की वारदात नजर आया है रजनीगंधा तुलसी के स्टॉकिस्ट राजीव कुमार ने कहा कि आगे तो लोग आते जाते हैं लेकिन पीछे के दीवाल तोड़कर चोर ने सारा माल गायब कर दिया है चोरों की हरकत से आसपास के गोदाम में दहशत व्याप्त है तमाम लोग इस बात से डर से घबराए हुए की इस तरह की चोरों के द्वारा घटनाएं की अंजाम दिया गया है तो कहीं ना कहीं चोरों की मनोबल काफी बढा है वहीं प्रशासन को सूचना दिया गया है प्रशासन वही घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों को पहचान करने की कोशिश की जा रही है

वाइट रामकृष्ण थाना ओपी अधिकारी

वाइट राजीव कुमार स्टॉकिस्ट रजनीगंधा

— Awanish Kumar

अपराध

समस्तीपुर रोसड़ा थाने में पिस्टल-कट्टा और विदेशी मुद्रा के साथ 8 अपराधियों की गिरफ्तारी



समस्तीपुर, बिहार – रोसड़ा थाने की पुलिस ने बदीया टोल मब्बी में छापेमारी के दौरान 8 अपराधियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी और इसमें अपराधियों की आपराधिक योजना को विफल करने में सफलता मिली।

छापेमारी में सेमी-ऑटोमैटिक लोडेड पिस्तौल, देसी कट्टा, 11 कारतूस, 59,500 रुपये नकद, साथ ही 11 अमेरिकी डॉलर, 5 यूरो, ऑटोमैटिक चाकू, विदेशी शराब, एक गोली, तीन कारें और आठ मोबाइल फोन सहित कई अन्य वस्तुएँ बरामद हुईं।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने किसी घटना को अंजान करने की योजना बनाई थी, जिसके कारण उन्होंने इन हथियारों और विदेशी मुद्रा को अपने पास रखा था।

जांच जारी है और पुलिस ने कहा कि इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए गुप्त सूचना प्रणाली को सुदृढ़ किया जाएगा।

— Deepak Kumar

स्थानीय

गुमशुदा मनीष कुमार झा सकुशल घर लौटे, अररिया में परिवार ने ली राहत की सांस



NEED24 NEWS | सुखद समाचार

गुमशुदा मनीष कुमार झा सकुशल घर लौटे, परिवार ने ली राहत की सांस

रिपोर्ट: कन्हैया कुमार झा, जिला संवाददाता, अररिया

फारबिसगंज, अररिया: पिछले कई दिनों से लापता चल रहे श्री मनीष कुमार झा आखिरकार सकुशल अपने घर लौट आए हैं। उनके घर वापस आने की खबर से उनकी पत्नी श्रीमती अन्नू कुमारी उनके नन्हे पुत्र रौनक,परिवार, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिवार के सभी सदस्यों ने राहत की सांस ली है।

मनीष कुमार झा की सकुशल वापसी पर उनके साढ़ू भाई कन्हैया कुमार झा एवं रक्षा झा ने विशेष खुशी जाहिर की। वहीं, उनके पिता श्री मनोज झा, ससुर श्री ललित नारायण झा, साला ब्राइट कैरियर स्कूल के शिक्षक श्री ज्ञान सरोवर झा, एडवोकेट रोहित झा तथा फिल्म डायरेक्टर श्री अमित राज ठाकुर ने भी खुशी व्यक्त करते हुए राहत जताई।

मालूम हो कि मनीष कुमार झा दिनांक 13 नवंबर 2026 को पश्चिम बंगाल स्थित अपने कार्यस्थल से घर आने के लिए निकले थे, लेकिन काफी समय तक उनका कोई पता नहीं चल पाया था। उनकी पत्नी श्रीमती अन्नू कुमारी एवं परिवार के अन्य सदस्य लगातार उनकी तलाश में जुटे हुए थे।

मनीष कुमार झा की तलाश के लिए परिवार ने पुलिस प्रशासन, रेलवे प्रशासन, संबंधित कंपनी, सामाजिक संगठनों एवं आम लोगों से सहयोग की अपील की थी। सोशल मीडिया पर भी उनकी गुमशुदगी की सूचना व्यापक रूप से साझा की गई थी। इस दौरान अनेक लोगों ने उनकी तलाश में सहयोग और सूचना काल्पनिक नाम हनुमान भक्त "आजाद" नाम मोबाइल फोन से साझा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अब मनीष कुमार झा के सकुशल घर लौटने से परिवार में खुशी का माहौल है। परिवार की ओर से उनकी तलाश में सहयोग करने वाले फोन पर सूचना देने वाले काल्पनिक नाम और हनुमान भक्त आजाद,पुलिस प्रशासन, रेलवे प्रशासन, मित्रों, रिश्तेदारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया है।

NEED24 NEWS की ओर से भी श्री मनीष कुमार झा एवं उनके समस्त परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनके परिवार में सदैव सुख, शांति और खुशहाली बनी रहे।

NEED24 NEWS | अररिया।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

सोनपुर मेला में अपने विभाग के स्टॉल का उद्घाटन करने पहुंचे मंत्री



हाजीपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

हाजीपुर जिला स्थित सोनपुर में बिहार सरकार के मंत्री लखेन्द्र पासवान एशिया प्रसिद्ध सोनपुर मेला में अपने विभाग के स्टॉल का उद्घाटन करने पहुंचे।

स्टॉल उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने नीतीश सेतु उद्घाटन के तुरंत बाद सेतु पर लगे प्रधानमंत्री के पोस्टर को राजद समर्थकों द्वारा फाड़े जाने की घटना पर कड़ी नाराजगी जताई।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के पोस्टर को फाड़ना बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। इस घटना के लिए उन्होंने तेजस्वी यादव को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उन्हें पानी में डूब कर मर जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस मामले में *जो भी आरोपी है, उस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।*

— Awanish Kumar

स्थानीय

भागलपुर में विक्रमशिला सेतु पुल का नाम बदल दिया गया। नीतीश सेतु नाम



भुगलपुर में स्थित विक्रमशिला सेतु पुल का नाम बदल दिया गया है।

यह परिवर्तन स्थानीय प्रशासन द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित किया गया है।

पुल अब अपने नए नाम के साथ भागलपुर के यातायात में अपनी सेवाएँ जारी रखेगा।

बिहार के विकास की दिशा में शनिवार को एक और बड़ा कदम उठाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा नदी पर बने नवनिर्मित छह लेन वाले ‘नीतीश सेतु’ का निरीक्षण करने के बाद लोकार्पण किया।

सोनपुर मेला में अपने विभाग के स्टॉल का उद्घाटन करने पहुंचे मंत्री



हाजीपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

हाजीपुर जिला स्थित सोनपुर में बिहार सरकार के मंत्री लखेन्द्र पासवान एशिया प्रसिद्ध सोनपुर मेला में अपने विभाग के स्टॉल का उद्घाटन करने पहुंचे।

स्टॉल उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने नीतीश सेतु उद्घाटन के तुरंत बाद सेतु पर लगे प्रधानमंत्री के पोस्टर को राजद समर्थकों द्वारा फाड़े जाने की घटना पर कड़ी नाराजगी जताई।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के पोस्टर को फाड़ना बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। इस घटना के लिए उन्होंने तेजस्वी यादव को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उन्हें पानी में डूब कर मर जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस मामले में *जो भी आरोपी है, उस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।*

— Awanish Kumar

स्थानीय

भागलपुर में विक्रमशिला सेतु पुल का नाम बदल दिया गया। नीतीश सेतु नाम



भुगलपुर में स्थित विक्रमशिला सेतु पुल का नाम बदल दिया गया है।

यह परिवर्तन स्थानीय प्रशासन द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित किया गया है।

पुल अब अपने नए नाम के साथ भागलपुर के यातायात में अपनी सेवाएँ जारी रखेगा।

बिहार के विकास की दिशा में शनिवार को एक और बड़ा कदम उठाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा नदी पर बने नवनिर्मित छह लेन वाले ‘नीतीश सेतु’ का निरीक्षण करने के बाद लोकार्पण किया।

करीब 4,280 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह पुल पटना के कच्ची दरगाह को वैशाली के बिदुपुर से जोड़ता है। इसके शुरू होने से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन आसान होगा। साथ ही पटना और आसपास के इलाकों में यातायात का दबाव कम होने की उम्मीद है।

इस पुल से व्यापार, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। खासकर राघोपुर दियारा के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलने वाली है।


नीतीश सेतु के शुरू होने से बिहार की कनेक्टिविटी को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

#NitishSetu #PMNarendraModi #Biha

— Abhishek Kumar Pandit, भागलपुर

कृषि

औरंगाबाद में अर्णव के बाद अकवन तूफान ने मचाया कहर6



औरंगाबाद से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

औरंगाबाद में अर्णव के बाद अकवान तूफान ने मचाया कहर,लगातार बारिश से किसानों को हुई भरी नुकसान,पूंजी लौटना भी हुई मुश्किल,

वही कृषि पदाधिकारी ने किसानों को दलहन तथा तेलहन फसल लगाने पर दिया जोर तूफान,के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ था जिससे अभी किसान उबरे भी नहीं थे कि बंगाल की खाड़ी से उठने वाली चक्रवाती तूफान अकवान की कहर ने कमर तोड़ दिया ,

क्योंकि अरनव तूफान से कुछ बचे हुआ फसलों को यह तूफान ने मिट्टी में मिला दिया , क्यों कि अरनव तूफान के दौरान तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार बारिश के कारण काफी धान की फसल जमीन पर गिर गई थी,जिसके कारण तकरीबन 50% धान की बाली बर्बाद हो गया था लेकिन बच्चे 50% से किसानों को उम्मीद था कि पूंजी तो कम से कम लौट जाएगा लेकिन बंगाल की खाड़ी से उठी अकवान चक्रवात ने किसान की सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया इस चक्रवात के दौरान औरंगाबाद में लगातार तीन दिनों तक वारिस होती रही जिससे जमीन पर गिरे हुए धान की पौधा तथा बाली पुरी तरह से खराब हो चुकी है,जिससे अब किसानों को पूंजी लौटना भी मुश्किल होगया है,जिसको लेकर किसानों ने बिहार सरकार,से फसल में हुई भारी नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग किया है,

तूफान के दौरान किसानों को हुई भरी क्षति को लेकर जब जिला कृषि पदाधिकारी से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि औरंगाबाद के सभी प्रखंडों में बंगाल की खाड़ी में उठी लगातार चक्रवाती तूफानों के कारण धान की फसलों में काफी क्षति हुई है, हम उसकी अकल करवा रहे है बहुत जल्द ही इसकी रिपोर्ट बिहार सरकार को भेज दी जाएगी, बिहार सरकार की निर्देशानुसार , मुआवजे को लेकर पहल किया जायेगा

वही उन्होंने किसानों से दलहन तथा तेलहन फसल लगाने पर जोर दिया है, उन्होंने कहा है कि बिहार सरकार के द्वारा निःशुल्क तथा बहुत कम मूल्य पर दलहन तथा तेलहन के बीज दिया जा रहा है, जिसका लाभ किसान उठाए और बड़े पैमाने पर दलहन तथा तेलहन खेती करे जिससे ,किसानों को भारी इनकम हो सकती है, उन्होंने हरा च चना तथा , तीसी की पर विशेष जोर दिया है,

बाइट:1 प्रभावित किसान

बाइट 2 संदीप राज जिला कृषि पदाधिकारी औरंगाबाद

— Awanish Kumar

स्थानीय

पिपरा ब्लॉक में स्कॉर्पियो दुर्घटना से छह युवाओं की मृत्यु, परिवारों में शोक



पिपरा ब्लॉक के थुम्हा गाँव में स्कॉर्पियो दुर्घटना में छह युवाओं की एकसाथ मृत्यु हो गई।

दादा जी, जिनके दो पोते और एक पोती थे, दोनों पोते स्कॉर्पियो दुर्घटना में मारे गए। उनके एकमात्र भांजा भी उसी दुर्घटना में चल बसा।

मृतकों की माँ का इलाज मधेपुरा में चल रहा है। एक गार्जियन ने कहा कि वे अपने बच्चों को कभी कहीं नहीं जाने देते थे, पर अब वे कहीं नहीं हैं।

इस दुर्घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। मुहल्ले में शोक के माहौल में पिछले तीन दिनों से किसी घर में खाना भी ठीक से नहीं बना है। दो-चार दिन में लोगों का आना-जाना बंद हो जाएगा और सभी अपने सामान्य जीवन में लौट आएंगे, पर परिवारों की यादें हमेशा बनी रहेंगी। मृतकों में अधिकतम आयु 26 वर्ष थी, सभी 15 से 26 वर्ष के होनहार युवा थे; दो कबड्डी और बॉलिंग के स्टेट लेवल खिलाड़ी थे, जबकि एक बड़ा यूट्यूबर था।

— Kanhaiya Kumar Jha

सिकटी के ढँगरी में राजलोक नाथ झा जी के माताजी एवं पिताजी के मौसी माँ के दूसरे एकोदिष्ट भोज में परिवार का सम्मिलन



आज रात सिकटी प्रखंड के ढँगरी गाँव में आदरणीय चाचा श्री राजलोक नाथ झा जी के माताजी एवं पिताजी के मौसी माँ के दूसरे एकोदिष्ट भोज में परिवार के कई सदस्य सम्मिलित हुए।

इस दौरान प्रिय छोटे भाई श्री Yugesh Jha जी, छोटे भाई श्री टिंकू झा जी, छोटी बहन प्रोफेसर अनुपम, छोटे भाई श्री सागर झा, बड़े भाई श्री संजय यादव जी और अन्य प्रियजन भी उपस्थित रहे।


भोज के दौरान परिवार के सदस्यों ने एक साथ मिलकर पारिवारिक बंधन को मजबूत किया और परंपरागत भारतीय रीति-रिवाजों के अनुसार आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस प्रकार के भोज में परिवार के सभी सदस्य एकत्रित होकर सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को सुदृढ़ करते हैं।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

सुपौल: नेपाल में इलाज के दौरान जिला परिषद सदस्य आशा देवी के पति की मौत, घर पहुंचा पार्थिव शरीर



सुपौल जिले के छातापुर क्षेत्र संख्या-21 की जिला परिषद सदस्य आशा देवी के पति भूषण कुमार पासवान का पार्थिव शरीर घर पहुंच गया। भूषण कुमार कुछ समय पहले एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके बाद उनका इलाज नेपाल स्थित नीरू अस्पताल में चल रहा था।

अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान भूषण कुमार की मृत्यु हो गई। परिवार के सदस्यों ने उन्हें जिंदा लौटने की उम्मीद बनाकर रखा था, हालांकि अंततः उन्हें पार्थिव शरीर के रूप में ही घर लौटना पड़ा।

भूषण कुमार की मृत्यु की खबर सुनकर स्थानीय क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उनके घर पहुंचे। मौके पर हर किसी की आंखें नम थीं, जबकि शोक समारोह में भागीदारी करते हुए लोगों ने मृतक के प्रति गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

पूर्णिया में जॉब फेयर में चयनित युवाओं को मिले ऑफर लेटर



पूर्णिया में आज आयोजित जॉब फेयर में चयनित युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़ना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और उनके सपनों को साकार करने का अवसर देना था।

आयोजकों ने कहा कि युवा सशक्त होंगे और पूर्णिया समृद्ध होगा।

— Kanhaiya Kumar Jha

किरकिचिया में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर, ग्रामीणों को मिली कानून व योजनाओं की विस्तृत जानकारी



किरकिचिया में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों को कानून और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

शिविर के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को मौलिक कानूनी अधिकारों, न्यायिक प्रक्रिया और सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया।

प्रशिक्षकों ने प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से ग्रामीणों के संदेहों का समाधान किया और उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा हेतु आवश्यक कदमों की जानकारी दी।

शिविर समाप्त होने पर ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में समान कार्यक्रमों की अपेक्षा व्यक्त की।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

अररिया हादसे में छह युवकों की मौत के बाद सुपौल में परिवारों ने मांगा 25-25 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी



अररिया जिले के बीड़ी पुल के पास 19 नवंबर की देर रात हुए सड़क हादसे में थुमहा पंचायत के वार्ड नंबर 9 के छह युवकों की मौत के बाद पीड़ित परिवारों ने मुआवजे और रोजगार की मांग उठाई है। इस घटना के बाद से पीड़ित परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट और भविष्य की चिंता खड़ी हो गई है।

इस संबंध में मिन्नत रहमानी ने शुक्रवार को सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से अनुशंसा करने की मांग की गई है कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए।

ज्ञापन में बताया गया है कि युवकों की मौत से उनके परिवार अस्त-व्यस्त हो गए हैं और अब उनकी उम्मीद प्रशासनिक कार्रवाई तथा सरकार के आने वाले फैसले पर टिकी है। स्थानीय स्तर पर यह मांग प्रशासन के ध्यान में लाने के लिए उठाया गया पहला औपचारिक कदम है।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

अररिया दिया होटल में बब्बन झा की सुपुत्री की शादि पर माननीय नेताओं का आशीर्वचन



आज रात अररिया दिया होटल में ठेंगापुर पंचायत सिकटी के माननीय मुखिया चाचा श्री प्रदीप कुमार झा उर्फ बब्बन झा जी की सुपुत्री की शादी समारोह सम्पन्न हुआ।

लोकप्रिय विधायक बड़े भाई श्री Vijay Kumar Mandal, भाजपा युवा नेता Er Joshi Kumar Mandal, सांसद प्रतिनिधि अररिया चाचा श्री संजय मिश्रा, पूर्व जिला परिषद सदस्य मामा श्री Rajesh Chandra Jha, भाजपा कार्यालय जिला मंत्री श्री नीरज झा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष श्री Harendra N Singh, मीडिया प्रभारी मोहम्मद शाह जहां, पूर्व उप प्रमुख बड़े भाई श्री अजय कुमार मंडल, चाचा श्री सुमन झा, चाचा श्री Vinay Mishra, भाजपा युवा नेता भांजे श्री ऋषिक कुमार सिंह, बड़े भाई श्री Ramesh Kumar मंडल, मामा श्री सरोज राय, श्री आकाश झा, श्री RajKumar Sah, न्यूक्लियस पब्लिक स्कूल के निदेशक श्री नितेश झा, श्री मुन्ना यादव और कई गणमान्य अतिथि एवं कुटुम्बजन उपस्थित थे।

सभी ने वर-वधु को आशीर्वचन एवं शुभकामनाएँ दी, जिससे समारोह में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहा।

इस प्रकार, स्थानीय समाज में एक महत्वपूर्ण पारिवारिक एवं राजनीतिक मिलन के रूप में यह कार्यक्रम यादगार रहा।

— Kanhaiya Kumar Jha

अपराध

किशनगंज में बंद घरों से चोरी का गिरोह गिरा, 7 गिरफ्तार



किशनगंज जिले के किशनगंज थान के अंतर्गत पुलिस ने बंद घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सरगना सहित 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के दौरान चोरी के जेवरात, 2 ग्राम गला हुआ सोना, 78 ग्राम गला हुआ चांदी, 2 एलईडी टीवी, 1 इन्वर्टर और 1 बैटरी बरामद की गई।

चोरी के सामान खरीदने वाले ज्वेलर्स दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया।

मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और पुलिस ने आगे की जांच के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय किया है।

— Kanhaiya Kumar Jha

अपराध

जोकीहाट पुलिस ने भगवानपुर से एनबीडब्ल्यू वारंटी आरिफ उर्फ बेचन को गिरफ्तार किया



जोकीहाट थाना पुलिस ने रात्रि विशेष छापेमारी अभियान के तहत भगवानपुर गांव में लंबे समय से फरार चल रहे गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) वारंटी आरिफ उर्फ बेचन (45 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएँ पूरी कर, शनिवार को आरोपी को न्यायिक हिरासत में अररिया भेज दिया।

इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा, सब-इंस्पेक्टर रजनीकांत, पंकज कुमार, पीटीसी रोहित तिवारी तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

— Kanhaiya Kumar Jha

ब्याज-मुक्ति अभियान: कर्ज़ा वसूली एजेंटों से उत्पीड़न पर रोक



मुजफ्फरपुर-साहेबगंज में कर्ज़ा मुक्ति अभियान ने ऋण वसूली एजेंटों द्वारा उत्पन्न डर को समाप्त करने का संकल्प लिया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य ऋण-ग्रस्त नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है।

एजेंटों द्वारा जबरन परेशान करने या धमकी देने पर पीड़ितों को तुरंत वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग करने तथा स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। यह कदम संभावित दुरुपयोग को रोकने और कानूनी कार्रवाई को तेज करने के लिए उठाया गया है।


अभियान के आयोजकों ने कहा कि संगठित होकर आवाज़ बुलंद करने से ही कर्ज़ा वसूली के अनैतिक प्रथाओं को जड़ से खत्म किया जा सकता है। सभी नागरिकों को इस पहल में भाग लेने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया गया है।

अधिक जानकारी और समर्थन के लिए www.karzmuktbharat.co.in पर जा सकते हैं, जहाँ से आप अभियान में शामिल हो सकते हैं और आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

फारबिसगंज में SC/ST छात्रावास का अवैध कब्जा समाप्त, जिला अधिकारी ने मुक्त कराया



फारबिसगंज कॉलेज के दक्षिण दिशा में स्थित SC/ST छात्रावास पर पिछले बीस वर्षों से गैर SC/ST लोगों का अवैध कब्जा था, जिसके कारण छात्रावास का उपयोग SC/ST छात्रों के लिये संभव नहीं था।

फारबिसगंज अनुमंडल के पदाधिकारी महोदय ने आज प्रशासनिक ताला हटाकर छात्रावास को मुक्त कर दिया, जिससे SC/ST छात्रों को फिर से सुरक्षित आवास उपलब्ध हुआ।

इस कदम से SC/ST छात्रों के शोषण का अंत हुआ और उनके हक व अधिकारों की जीत हुई।

पदाधिकारी के इस कार्य के लिए सभी SC/ST छात्रों ने धन्यवाद ज्ञापित किया और जय अम्बेडकर, जय भीम की जयकार की।

— Kanhaiya Kumar Jha

इमाम जाहिद पर बालक के साथ यौन शोषण के आरोप, पुलिस में गिरफ्तार



मस्जिद के इमाम जाहिद पर आरोप है कि उन्होंने 3 महीने से एक बालक को अरबी और उर्दू पढ़ाते हुए उसे यौन शोषण किया और पोर्न वीडियो दिखाए।

रिपोर्ट के अनुसार, इमाम ने बालक को अरबी पढ़ाने के बजाय उसे गंदी बातें सिखाने और उसके निजी अंगों को छूने का आरोप लगाया गया है। 11 नवंबर को इमाम ने बालक के साथ यौन संबंध स्थापित किया और लगातार चार दिन तक ऐसा किया।

बालक ने घटना के बाद अपनी माँ को सूचित किया, लेकिन इमाम ने उसे धमकी दी कि यदि वह बात बताए तो परिवार उसे नहीं मानेंगे और उसे मूर्ख कहकर तिरस्कार करेंगे। इमाम ने 20,000 रुपये की पेशकश कर उसे चुप रहने के लिए कहा।

माँ ने पुलिस में शिकायत दर्ज की, जिसके बाद इमाम जाहिद को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा कि इस प्रकार के अपराधों के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

— Kanhaiya Kumar Jha

अररिया में कुर्साकांटा थाना ने अवैध शराब व्यापारियों को गिरफ्तार किया



जिला अररिया के कुर्साकांटा प्रखंड में पुलिस ने रविवार की देर रात गुप्त सूचना प्राप्त कर एक व्यक्ति को अवैध रूप से देशी चुलाई और अंग्रेजी शराब रखने तथा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया।


थानाध्यक्ष रोहित कुमार के अनुसार, परबत्ता वार्ड-01 में रहने वाले रुपेश कुमार (पिता चन्द्रिका यादव) ने अपने घर में शराब रखी थी और बिक्री करता था। सूचना के सत्यापन के लिए भेजी गई पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ते ही भागने की कोशिश की, पर पुलिस बल के सहयोग से उसे रोककर गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी के घर से 22 लीटर देशी चुलाई शराब के अलग-अलग गैलन और एक लीटर 290 मिली अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब और आरोपी को थाना में लाकर स्वलिखित बयान और प्राथमिकी दर्ज की गई। आरोपी को न्यायिक हिरासत में अररिया भेज दिया गया।

— Kanhaiya Kumar Jha

अपराध

सीतामढ़ी में डायल 112कि गाड़ी से शराब लुट का वीडियो हुआ वायरल



सीतामढ़ी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

तेजी से वायरल।

सीतामढ़ी में 112 पुलिस गाड़ी से शराब लूट का वीडियो तेज़ी से वायरल हो रहा है। हालांकि जिस वक्त 112 की गाड़ी से लोग नेपाली शराब लूट रहे थे उस वक्त वहां पर पुलिस मौजूद नहीं थी । 112 की गाड़ी में रखे शराब के बारे में लोग तरह तरह की चर्चा करने लगे हैं। क्या 112 की पुलिस शराब के कारोबार में लिप्त थी या कोई और मामला था ।इस परअभी तक सीतामढ़ी पुलिस की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद उक्त 112 पर कार्यरत पुलिस कर्मियों को सस्पैंड किए जाने की जानकारी भी मिल रही है । मामला सीतामढ़ी जिले के सुप्पी थाना क्षेत्र के ससौला अस्पताल के नज़दीक की है।मिली जानकारी के मुताबिक 112 पुलिस गाड़ी ने किसी बाईक सवार को ठोकर मार दिया था जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया,जिसे अस्थानिय लोगों ने ससौला के सामुदायिक केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया।इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने 112 की पुलिस को दौड़ाना शुरू कर दिया। हालात के मद्देनजर घटना स्थल से पुलिस वाले फरार हो गए।

इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर 112 डायल जैसी आपातकालीन पुलिस सेवा की गाड़ी में नेपाली शराब कहां से आई? क्या पुलिसकर्मियों को इसकी जानकारी नहीं थी या फिर इस पूरे मामले के पीछे कोई और कहानी है? फिलहाल घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

— Awanish Kumar

सरकारी योजना

भोजपुर में जिलास्तरीय। बाल विवाह निषेध कार्यक्रम का आयोजन



भोजपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

भोजपुर में जिला स्तरीय बाल विवाह निषेध कार्यक्रम का भव्य आयोजन, बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का लिया संकल्प

आरा, भोजपुर। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने तथा बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार, 23 नवंबर 2026 को सहजानन्द ब्रह्मर्षि कॉलेज सभागार, आरा में जिला स्तरीय बाल विवाह निषेध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन दिशा एक प्रयास, भोजपुर द्वारा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक; मो. तैयब अहमद, जिला मिशन समन्वयक, महिला एवं बाल विकास निगम, भोजपुर; पूनम देवी, डिप्टी मेयर, भोजपुर; वंदना राजवंशी, जिला परिषद, भोजपुर; अनु प्रिया, कला एवं संस्कृति विभाग, भोजपुर; प्रतिभा कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका, भोजपुर; दीपक कुमार, A.H.T.U., भोजपुर; नीतू कुमारी, महिला थाना प्रभारी, आरा; प्रो. पूनम कुमारी, प्राचार्या, एस.बी. कॉलेज, आरा तथा अमित कुमार सिंह, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति, भोजपुर उपस्थित रहे।

स्थानीय

तेज़ रफ्तार कार ने NH-327E पर ई-रिक्शा से 6 स्कूल बच्चों को गंभीर चोट पहुँचाई, चालक फरार



अररिया बिजली कार्यालय के समीप NH-327E पर तेज़ रफ्तार कार ने स्कूल जा रहे बच्चों से भरे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मारी, जिससे ई-रिक्शा चालक समेत छह स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये।

घायलों में से तीन का इलाज सदर अस्पताल अररिया में चल रहा है, जबकि दो बच्चों को बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया हायर सेंटर रेफर किया गया है। टक्कर मारने वाली कार को घटनास्थल पर छोड़कर चालक फरार हो गया।

जिला परियोजना प्रबंधक ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसकी रोकथाम के लिए प्रशासन, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

कार्यक्रम में दिशा एक प्रयास की पूरी टीम के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य व्यक्ति, छात्र-छात्राएं एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से बाल विवाह उन्मूलन के लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी एवं सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

दिशा एक प्रयास द्वारा भोजपुर जिले में बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल तस्करी जैसी समस्याओं के उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। संस्था का संकल्प है कि प्रशासन, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं समुदाय के सहयोग से भोजपुर को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की दिशा में प्रभावी पहल की जाए।

— Awanish Kumar

स्थानीय

भरगामा प्रखंड में वरिष्ठ पत्रकार प्रभात सिंह जी के फलदान समारोह का आयोजन



भरगामा प्रखंड के बडहारा में वरिष्ठ पत्रकार प्रभात सिंह जी ने फलदान समारोह आयोजित किया। यह कार्यक्रम स्थानीय समुदाय के बीच फल वितरण के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

समारोह में उपस्थित स्थानीय लोग और कई सम्मानित व्यक्तियों ने इस पहल का स्वागत किया। फलदान के माध्यम से स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

प्रभात सिंह जी ने समारोह के दौरान उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया और भविष्य में ऐसे सामाजिक कार्यों को जारी रखने का आश्वासन दिया।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

अररिया में स्थानीय अधिकारी ने जनहित मुद्दों पर किया व्यापक संवाद



अररिया, बिहार – आज स्थानीय अधिकारी ने अपने आवास पर आयोजित बैठक में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों से मुलाकात की।

बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रस्तुत किया, जिन्हें अधिकारी ने गंभीरता से सुना।

सभी प्रस्तुतियों को ध्यान में रखते हुए अधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से तत्काल संवाद स्थापित किया और समस्याओं के त्वरित एवं उचित समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

यह पहल नागरिकों को सीधे अपने प्रतिनिधियों से संपर्क करने का अवसर प्रदान करती है और प्रशासनिक जवाबदेही को सुदृढ़ करती है।

— Kanhaiya Kumar Jha

अपराध

अररिया में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर संवेदनशील स्थलों पर पूरी तरह मुस्तैद



बिहार पुलिस के अधीक्षक, अररिया ने अपराध नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक विशेष निर्देश जारी किया।

इस निर्देश के तहत जिले के संवेदनशील स्थानों —जिनमें बैंक, एटीएम, ज्वैलर्स की दुकानें और प्रमुख चौक शामिल हैं—पर पुलिस की तैनाती को सुदृढ़ किया गया है।

अररिया पुलिस ने इन क्षेत्रों में निरंतर गश्त और निगरानी को सुनिश्चित किया है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था में सुधार हो सके।

पुलिस ने आपातकालीन स्थिति में 112 नंबर पर कॉल करने की सलाह भी दी है, जिससे त्वरित सहायता प्राप्त की जा सके।

— Kanhaiya Kumar Jha